भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
अतरांकित प्रश्न संख्या 905
गुरुवार, 7 दिसंबर, 2023 / 16 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

**प्रचालनशील विमानपत्तन**

**905. सुश्री एस.जोतिमणि:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में कितने विमानपत्तन प्रचालनशील हैं और वर्ष 2014 से अब तक देश में निर्मित किए गए नए विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2004-13 के बीच विमानपत्तनों के निजीकरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) वर्ष 2014 से अब तक विमानपत्तनों के निजीकरण का ब्यौरा क्या है:

(घ) उन विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है, जो वर्ष 2014 से अब तक निजी समूहों के पूर्ण स्वामित्व/नियंत्रण में हैं,

(ङ) देश में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) वाले विमानपत्तनों का ब्यौरा क्या है और ऐसी सार्वजनिक-निजी भागीदारी वाली कंपनियों के नाम क्या हैं;

(च) क्या यह सच है कि एक निजी कंपनी देश ने विमानपत्तनों के स्वामित्व वाली देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) वर्ष 2014 से अब तक निजीकरण हेतु प्रस्तावित विभिन्न विमानपत्तनों के लिए प्राप्त बोलियों/निविदाओं का ब्यौरा क्या है और निविदाएं कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(ज) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा निजी स्वामित्व वाले विमानपत्तनों से एकत्र किए गए लाइसेंस शुल्क और रॉयल्टी का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.)विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) )**

(क) वर्तमान में, देश में 149 प्रचालनिक हवाईअड्डे हैं। इनमें से, 12 नए हवाईअड्डों, नामतः गोवा में मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, मोपा, महाराष्ट्र में शिरडी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, शिरडी और सिंधुदुर्ग हवाईअड्डा, कर्नाटक में कलबुर्गी हवाईअड्डा और शिवमोगा हवाईअड्डा, उत्तर प्रदेश में कुशीनगर हवाईअड्डा, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल (कुर्नूल) हवाईअड्डा, पश्चिम बंगाल में काजी नजरूल इस्लाम हवाईअड्डा, दुर्गापुर, सिक्किम में पाक्योंग हवाईअड्डा, केरल में कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, अरुणाचल प्रदेश में डोनी पोलो, ईटानगर हवाईअड्डा तथा गुजरात में राजकोट (हीरासर) हवाईअड्डे का प्रचालन वर्ष 2014 से शुरू हो गया है।

(ख) भाविप्रा ने वर्ष 2006 में दो हवाईअड्डों, नामतः दिल्ली और मुंबई हवाईअड्डे को पीपीपी मोड के तहत प्रचालन, प्रबंधन तथा विकास हेतु दीर्घकालिक पट्टे पर सौंप दिया है।

(ग) वर्ष 2014 से पीपीपी के अंतर्गत 06 हवाईअड्डों, अर्थात मंगलुरु, लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहाटी, जयपुर और तिरुवनंतपुरम को अवार्ड किया गया है।

(घ) कुल 149 प्रचालनिक हवाईअड्डों में से, तीन हवाईअड्डे, नामतः मुंद्रा, जमशेदपुर और विद्यानगर, निजी समूहों के सम्पूर्ण स्वामित्व/ नियंत्रण में हैं।

(ङ) और (च) देश के पीपीपी हवाईअड्डों और पीपीपी भागीदारों का विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(छ) वर्ष 2018-19 में भाविप्रा के छह हवाईअड्डों, नामतः अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु, जयपुर, तिरुवनंतपुरम और गुवाहाटी, के लिए किए गए निविदा प्रक्रिया के दौरान, कुल 32 बोलियाँ प्राप्त हुई थीं। निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और इन छह हवाईअड्डों को सफल बोलीदाता को अवार्ड कर दिया गया है।

(ज) दिल्ली और मुंबई हवाईअड्डों को राजस्व शेयर मॉडल के आधार पर प्रचालन, प्रबंधन तथा विकास करने हेतु 30 वर्ष की अवधि के लिए अवार्ड किया गया है। अन्य छह हवाईअड्डों अर्थात, लखनऊ, अहमदाबाद, मंगलुरु, जयपुर, गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम के लिए, भाविप्रा को इन हवाईअड्डों के प्रचालन, प्रबंधन एवं विकास हेतु देय प्रति यात्री शुल्क (पीपीएफ़) आधार पर 50 वर्ष की अवधि के लिए अवार्ड किया गया है। भाविप्रा ने दिल्ली एवं मुंबई हवाईअड्डों के निजी भागीदारों से राजस्व हिस्से के रूप में 30,000 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक शुल्क प्राप्त की है। इसके अतिरिक्त, अहमदाबाद, जयपुर, लखनऊ, गुवाहाटी, तिरुवनंतपुरम और मंगलुरु हवाईअड्डों के निजी भागीदारों ने नवंबर, 2023 तक प्रति यात्री शुल्क (पीपीएफ़) के रूप में भाविप्रा को लगभग 1475 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। भाविप्रा को, इन हवाईअड्डों पर भाविप्रा द्वारा की गई पूंजीगत व्यय के लिए अग्रिम शुल्क के रूप में इन छह हवाईअड्डों के निजी भागीदारों से लगभग 2767 करोड़ रुपए की राशि भी प्राप्त हुई है।

****

अनुलग्नक

**लोक सभा के दिनांक के 07.12.2023 के अतरांकित प्रश्न संख्या 905 के उत्तर से संदर्भित अनुलग्नक।**

| क्रम संख्या | **हवाई अड्डे का नाम** | **रियायतग्राही** |
|---|---|---|
| 1 | कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | मैसर्स कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड |
| 2 | बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | मैसर्स बैंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) |
| 3 | राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद | मैसर्स जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) |
| 4 | कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | मैसर्स कन्नूर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (केआईएएल) |
| 5 | इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, दिल्ली | मैसर्स दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड |
| 6 | छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई | मैसर्स मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) |
| 7 | सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, अहमदाबाद | मैसर्स अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एआईएएल) |
| 8 | चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, लखनऊ | मैसर्स लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एलआईएएल) |
| 9 | मंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, कर्नाटक | मैसर्स मंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ( एमएआईएएल ) |
| 10 | जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, राजस्थान | मैसर्स जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जेआईएएल) |
| 11 | लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, गुवाहाटी | मैसर्स गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (जीआईएएल) |
| 12 | तिरुवनंतपुरम अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, केरल | मैसर्स टीआरवी-केरल इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (टीआईएएल) |
| 13 | काजी नज़रूल इस्लाम हवाई अड्डा, दुर्गापुर, पश्चिम बंगाल | मैसर्स बंगाल एयरोट्रोपोलिस प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (बीएपीएल) |
| 14 | मनोहर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मोपा, गोवा | मैसर्स जीएमआर गोवा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीजीआईएएल) |